मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-349
02/10/2019

# मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के अवसर पर उनकी आदमकद प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

पटना, 02 अक्टूबर 2019 :– राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के अवसर पर राज्यपाल श्री फागू चौहान, मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने पटना के गॉधी मैदान स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की विशाल आदमकद प्रतिमा/चित्र पर माल्यार्पण किया और उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व का स्मरण किया। मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने उनके आदर्शों को जीवन में उतारने का संकल्प भी लिया।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, विधानसभा अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी, पथ निर्माण मंत्री श्री नंदकिशोर यादव, शिक्षा मंत्री श्री कृष्णनंदन वर्मा, भवन निर्माण मंत्री श्री अशोक चौधरी, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, राज्य नागरिक परिषद के पूर्व महासचिव श्री अरविंद कुमार सिंह सहित अनेक सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गॉधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें शत्–शत् नमन किया एवं श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर सूचना जन–सम्पर्क विभाग द्वारा आरती पूजन, भजन, कीर्तन एवं देशभक्ति गीतों का गायन भी किया गया।

******